an>

Title: Need to commence Air India Flight from Bhavnagar Airport in Gujarat.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा संसदीय क्षेत्र भावनगर इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा, क्योंकि हमारे भावनगर के नेक नामदार प्रजावत्सल महाराजा आदरणीय कृष्ण कुमार सिंह जी ने सबसे पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल के हाथों से अपना भावनगर राज्य राष्ट्र हित में समर्पित किया था। लेकिन खेद की बात है कि भावनगर का एयरपोर्ट जो 35 साल पुराना है और पूर्णरूप से डेवलप भी है, वहां पहले बोइंग भी उड़ान भरते थे। यहां नाइट लैंडिंग की भी सुविधा है। पूर्व में यहां से मुम्बई के लिए विभिन्न एयरलाइंस की फ्लाइट्स चलती थीं, लेकिन अब यहां से एकमात्र जेट एयरवेज की फ्लाइट मुम्बई के लिए उड़ान भरती है।

आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरी जानकारी के मुताबिक हमारे भावनगर की एकमात्र जेट एयरवेज की फ्लाइट 28 मार्च से बंद हो रही है। यदि यह एकमात्र फ्लाइट भी बंद ही जायेगी तो भावनगर का महत्व ही समाप्त हो जायेगा, क्योंकि यहां से मुंबई की एयरमात्र फ्लाइट बंद हो जायेगी, जबकि दिल्ली की कनेक्टिविटी पहले से ही नहीं है। भावनगर, अमरेली और बोटाल जिले के नागरिक देश व विदेश जाने के लिए भावनगर से फ्लाइट लेते हैं। भावनगर डिस्ट्रिक्ट की जनसंख्या 30 लाख से ज्यादा है। भावनगर में बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज और कारपोरेट्स मौजूद हैं। वहां और इंडस्ट्रीज और कोरपोरेट्स आने की पूरी संभावना है। एशिया का सबसे बड़ा शिप ब्रेकिंग यार्ड अलंग यहां पर है। मिथीविरदी न्युक्लियर पावर प्लांट भी यहां लगने वाला है। पीपावाव पोर्ट भी नजदीक ही है। पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, गोपनाथ महादेव, निश्कलंक महादेव और जैन का पालीताना जैसा तीर्थ स्थल भी यहां है। इसके नजदीक ही अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल दीव भी है। कालयार का राष्ट्रीय अभयारण्य भी यहां है।

यदि एकमात्र फ्लाइट बंद हो जाएगी, एयर कनैक्टिविटी बंद हो जाएगी तो भावनगर का व्यापार और डेवलमेंट ठप्प हो जाएगा। मैंने पूर्व में भी सरकार से मांग की थी कि यहां एक फ्लाइट से काम नहीं चलता है। पैंसेजर्स की वेटिंग हमेशा बनी रहती है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करती हूं कि भावनगर का एयरपोर्ट चालू रखने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट या कोई भी प्राइवेट एयरलाइंस की फ्लाइट चलाई जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Kirit P. Solanki is permitted to associate with the issue raised by Dr. Bhartiben D. Shyal.